# रविवार को भी खुली रहीं गैस एजेंसियां



**तीन दिन में सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा**

जिला प्रशासन ने बताया कि आगामी दिनों में भी उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के अनुसार तीन दिवस के भीतर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा. जिले की सभी गैस एजेंसियों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और प्लांट से भी प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति प्राप्त हो रही है. आम उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें. जिले में गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और सभी उपभोक्ताओं को समय सीमा में उनकी बुकिंग के अनुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा.

**▶ हजारों उपभोक्ताओं को मिली गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी**

**इंदौर. कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर रविवार को भी जिले की सभी गैस एजेंसियां खुली रहीं और उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी सुचारू रूप से की गई. अवकाश के दिन भी एजेंसियों के संचालन से उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग, रिफिल और अन्य समस्याओं के समाधान में बड़ी सुविधा मिली. अवकाश के दिन एक दिन में ही 24 हजार 450 घरेलू गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है.**

ऑयल कंपनियों के अधिकारियों ने भी इस व्यवस्था को सफल बनाने में विशेष सहयोग दिया. हिंदुस्तान पेट्रोलियम की सेल्स ऑफिसर सुश्री अदिति वैष्णव, भारत पेट्रोलियम के श्री आर.के. सिंह, इंडियन ऑयल कंपनी की श्वेता मिश्रा, अंजली पांडे तथा भारत भूषण ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए इंदौर जिले की 106 गैस एजेंसियों को प्लांट से पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए. इसके कारण उपभोक्ताओं को रिफिल प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई.

सभी गैस एजेंसी संचालकों ने कलेक्टर के निर्देशानुसार अपने कार्यालय प्रात: 9 बजे से खोलकर उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं, उनकी बुकिंग दर्ज की और पूरी क्षमता के साथ वाहनों के माध्यम से उपभोक्ताओं तक गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी की.



**अधिकारियों ने किया निरीक्षण**

जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने भी प्रात: 9 बजे से फील्ड में रहकर गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया और एजेंसियों तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं का तत्काल निराकरण करते हुए होम डिलीवरी व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित कराने में सहयोग दिया. रविवार को अवकाश के दिन भी इंदौर जिले में लगभग 24 हजार 450 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी की गई, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है.

# कमिश्नर मेट्रो रेल सुरक्षा ने किया ट्रॉली निरीक्षण

**▶ तीन दिन तक इंदौर में ही रुककर कार्यों का मौका मुआयना करेंगे**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज मेट्रो रेल सेफ्टी कमिश्नर ने शहर में मेट्रो दूसरे चरण का अंतिम निरीक्षण शुरू किया. इस दौरान सीएमआरएस ने सुपर कॉरिडोर 02 से मालवीय नगर तक ट्रॉली से रन कर मेट्रो लाइन को कई जगह पर रुक कर देखा. सीएमआरएस अभी तीन दिन तक इंदौर में ही रुककर स्टेशन और तकनीकी कार्य का मौका मुआयना करेंगे.**

दिल्ली मेट्रो के चीफ कमिश्नर सुरक्षा शनिवार रात इंदौर आए. आज सीएमआरएस ने सुपर कॉरिडोर 02 स्टेशन से मालवीय नगर चौराहे तक ट्रॉली निरीक्षण किया. आज से 18 मार्च तक लगातार चार दिन तक निरीक्षण चलेगा. इस दौरान 11 मेट्रो स्टेशन के सभी तकनीकी पहलू, निर्माण कार्य, इंट्री- एग्जिट, सिग्नलिंग और अन्य कार्यों के संचालन की जांच करेंगे. कमिश्नर निरीक्षण के बाद दूसरे चरण में मेट्रो को 17 किलोमीटर तक संचालन की अनुमति मिल जाएगी. ध्यान रहे कि गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर 05 तक मेट्रो का कमर्शियल संचालन पिछले साल 31 मई कर को दिया था. इसके बाद मध्य प्रदेश मेट्रो रेल अधिकारियों ने सुपर कॉरिडोर से लेकर रेडिसन, मालवीय नगर चौराहे तक 11.5 किलोमीटर लंबी लाइन और 11 स्टेशन का निर्माण और तकनीकी कार्य रिकॉर्ड समय में पूरा किया है.



**26 मार्च तक संचालन की संभावना**

दूसरे चरण में 11.5 किलोमीटर लंबी लाइन पर मेट्रो रेल का व्यवसायिक संचालन शुरू करना संभावित है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी इंदौर में मेट्रो के दूसरे चरण को 31 मार्च के पहले शुरू करने का कह चुके है. मेट्रो रेल के दूसरे चरण के व्यवसायिक संचालन की 26 मार्च रामनवमी संभावित तिथि बताई जा रही है.

# निगम में नेशनल लोक अदालत में रिकॉर्ड 103 करोड़ से ज्यादा राजस्व जमा

**▶ प्रदेश में नगर निगम ने एक दिन में सबसे अधिक राजस्व प्राप्त करने का बनाया रिकार्ड**

नव भारत न्यूज

**इंदौर. कल लोक अदालत में नगर निगम ने प्रदेश के शहरों में सबसे ज्यादा राजस्व आय अर्जित की है. शनिवार की लोक अदालत में इंदौर में करदाताओं ने न केवल सौ करोड़ से ज्यादा का कर अदा किया, बल्कि सरचार्ज छूट का भरपूर लाभ उठाया.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त क्षितिज सिंघल और राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान के विशेष प्रयासों से इस बार नगर निगम ने एक दिन में रिकॉर्ड राजस्व वसूली की है. महापौर, आयुक्त और राजस्व प्रभारी ने संयुक्त रूप से इस बार लोक अदालत में आम जनता से निगम के करों में सरचार्ज माफी का लाभ उठाने की लगातार अपील की थी. करदाताओं को संपत्तिकर और जलकर की राशि समय पर अदा करने के साथ शहर के विकास में अमूल्य योगदान देने का अहम हिस्सा बताया है. इसी कारण पूरे प्रदेश की लोक अदालत में नगर निगम इंदौर ने एक दिन में सबसे अधिक राजस्व जमा करने का रेकॉर्ड बनाया. नगर निगम इंदौर को शनिवार के दिन लोक अदालत से 103 करोड़ रुपए से अधिक की राजस्व आय हुई है. संपत्ति कर के 16579 करदाताओं ने 99 करोड़ 28 लाख और जलकर के 5276 करदाताओं ने 3 करोड़ 83 लाख रुपए जमा किए है. इस प्रकार नगर निगम ने 103 करोड़ 11 लाख रुपए राजस्व आय अर्जित की है. नगर निगम प्रदेश की सभी नगरीय निकायों में प्रथम स्थान पर रहा.

**योजनाबद्ध तरीके से किया कार्य:** आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के लिए नगर निगम की राजस्व टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया गया. उन्होंने उक्त रिकॉर्ड राजस्व आय के पीछे इंदौर के जागरूक जनता के साथ नगर निगम राजस्व टीम, जोनल अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत का महत्वपूर्ण योगदान है.

**विकास कार्यों को मिलती है गति**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव और राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने कहा कि नगर निगम द्वारा करदाताओं को शासन की छूट का लाभ दिलाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया गया था. इसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा करदाता अपनी बकाया राशि जमा कर सकें. करदाताओं द्वारा समय पर कर जमा करने से शहर के विकास कार्यों को गति मिलती है.

## विंध्यवासिनी मंदिर के स्थापना दिवस पर आज कई अनुष्ठान

**इंदौर.** देवास नाका, निरंजनपुर रोड स्कीम 114 स्थित मां विंध्यवासिनी मंदिर, मां जगवंती देवी धाम का 15वां स्थापना दिवस 16 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा. मंदिर के प्रमुख पं. शिवनारायण पाठक ने बताया कि सोमवार को माँ विंध्यवासिनी देवी के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में समूचे मंदिर परिसर पर आकर्षक विद्युत एवं पुष्प सज्जा की जाएगी तथा शाम 7 बजे से आम भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी होगा. मंदिर पर भक्तों की मनोकामना पूर्ति के लिए पं. पाठक के निर्देशन में यज्ञ-हवन भी होंगे. भक्तों की सुविधा के लिए अभिषेक एवं पूजा-अर्चना के विशेष प्रबंध किए गए हैं.

### एक नजर में

## जगद्गुरु शंकराचार्य को संत सम्मेलन का न्योता



**इंदौर.** बिजासन रोड स्थित प्राचीन अविनाशी आश्रम अखंड धाम पर होने वाले 59 वें अ.भा. अखंड वेदांत संत सम्मेलन का न्योता रविवार को द्वारकापीठ के जगद्गुरु स्वामी सदानंद सरस्वती को भेंट किया गया. शंकराचार्य इन दिनों इंदौर प्रवास पर पधारे हैं. अखंड धाम आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. चेतन स्वरुप महाराज, स्वामी राजानंद महाराज, संत सम्मेलन समिति के प्रमुख हरि अग्रवाल, ठा. विजय सिंह परिहार, अशोक गोयल, हेमंत खंडेलवाल, राहुल शर्मा, ओम कछवाहा सांवरिया सहित आश्रम के अनेक संत महंतों ने शंकराचार्यजी को शॉल श्रीफल भेंटकर उन्हें संत सम्मेलन का न्योता दिया. आयोजन समिति के अध्यक्ष हरि अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष अखंड धाम आश्रम पर अ.भा. अखंड वेदांत संत सम्मेलन 23 से 29 दिसम्बर तक धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें देश के अनेक संत विद्वान, शंकराचार्य और महामंडलेश्वर भी शामिल होंगे.

## प्रो. प्रगति जैन को शीरोज शक्ति सम्मान



**इंदौर.** शीरोज सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा माँ कंकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय, इंदौर की गणित विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. प्रगति जैन को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक एवं शोध कार्यों के लिए होलकर विज्ञान महाविद्यालय इंदौर की प्राचार्य डॉ अनामिका जैन द्वारा शीरोज शक्ति सम्मान से नवाजा गया. यह भव्य कार्यक्रम होलकर विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित किया गया. लंदन में भारतीय ज्ञान परंपरा को ए आई जोड़ते हुए प्रस्तुत किए शोध पत्र के लिए डॉ. जैन को बेस्ट पेपर अवार्ड मिला। उनके नाम 70 से अधिक शोध पत्र, 13 पुस्तकें व 3 पेटेंट दर्ज हैं. उनके निर्देशन में 4 शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की जा चुकी है. डॉ. जैन को हाल ही विज्ञान दिवस पर डॉ. सी.वी. रमन बेस्ट राइटिंग अवार्ड भी प्रदान किया गया. उन्होंने भारतीय ज्ञान-दर्शन को वैश्विक मंच पर स्थापित किया तथा गणित विषय के महत्व को सामान्य विद्यार्थियों तक पहुँचाया. डॉ प्रगति जैन की इस उपलब्धि पर क्षेत्रीय विधायक माननीय रमेश मेंदोला, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के डी सी डी सी डॉ सचिन शर्मा महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मेजर डॉ. संजय सोहनी, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. स्मिता चैतन्य एवं महाविद्यालय परिवार ने डॉ. प्रगति जैन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं. महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सोहनी ने कहा डॉ. जैन की मेहनत के कारण इस संस्थान का गौरव बढ़ा है।

## युवा कवियित्री नेहा को मिला वूमेन इंफ्लूएंसर अवॉर्ड



**इंदौर.** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स पंजीकृत की ओर से देशभर की महिला विभूतियों का सम्मान किया गया. संगठन की राष्ट्रीय संगठन महासचिव शशि दीप ने बता.या संगठन द्वारा शिक्षा, पत्रकारिता, समाज सेवा, साहित्य, लेखन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला विभूतियों को समाज के क्षेत्र में उनकी भूमिका के फलस्वरूप सम्मानित किया गया. संगठन द्वारा वूमेन इंफ्लूएंसर अवार्ड 2026 से इस वर्ष इंदौर मध्य प्रदेश से युवा कवियित्री, सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री नेहा लिंबोदिया सहित मुंबई महाराष्ट्र से प्रसिद्ध मॉडल, एक्ट्रेस तथा इंफ्लूएंसर पढ़ल परवेज़ तथा गुरप्रीत कौर सहित भोपाल मध्य प्रदेश से महिला अधिवक्ता दीपिका वैष्णव, शासकीय अधिवक्ता मीरा चरार, ब्यावरा राजगढ़ मध्य प्रदेश से वरिष्ठ समाजसेविका कंचन किशोर सोनी को सम्मानित किया गया है.

# शहर में भूजल प्रदूषण की स्थिति गंभीर खतरे का संकेत : डॉ. शर्मा

**▶ संस्था सेवा सुरभि द्वारा प्रेस क्लब सभागृह में 'भूजल स्त्रोतों की शुद्धि और पुनर्भरण में सावधानी' विषय पर परिचर्चा**

इंदौर. हम पानी के मामले में क्वालिटी के बजाय क्वांटिटी पर जोर देते आ रहे हैं. इंदौर की बसाहट गंगा बेसिन के दक्षिण भाग के सबसे ऊँचे हिस्से में दर्ज है. हमारी भूवैज्ञानिक संरचना बहुत विशिष्ट है लेकिन शहर में भूजल प्रदूषण की स्थिति, जल आपूर्ति और जल संतुलन के लिए गंभीर खतरा बन सकती है क्योंकि नाइट्रेट, क्लोराइड, अमोनिया, टीडीएस एवं कंडक्टिविटी जैसे मानदंडों की नियमित जाँच से ही जल प्रदूषण को रोका जा सकता है. हम इंदौर के लोग इस मायने में भाग्यशाली हैं कि हमें पानी तो पर्याप्त मिल रहा है लेकिन उसके सदुपयोग एवं बर्बादी को रोकने की तरफ हमारा कोई विशेष ध्यान ही नहीं है. यही स्थिति रही तो आने वाली पीढ़ी के लिए हमें शुद्ध और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना बड़ी चुनौती बन जाएगा.

भारत सरकार की ओर से पेय जल सुरक्षा के लिए नियुक्त पूर्व राष्ट्रीय नोडल अधिकारी डॉ. सुधीन्द्र मोहन शर्मा ने रविवार को इंदौर प्रेस क्लब के राजेंद्र माथुर सभागृह में संस्था सेवा सुरभि द्वारा 'भूजल स्त्रोतों की शुद्धि और पुनर्भरण में सावधानी' विषय पर आयोजित परिचर्चा के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में शहर की पेयजल की स्थिति पर ऐसी अनेक महत्वपूर्ण बातें बताईं. सांसद शंकर लालवानी के मुख्य आतिथ्य और इंदौर नगर निगम के आयुक्त, आईएएस क्षितिज सिंघल, आरआर केट के सेवानिवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक निकेतन सेठी और शहर के जागरूक नागरिक अजीत सिंह नारंग ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए. प्रारंभ में संस्था सेवा सुरभि की ओर से पर्यावरणविद डॉ. ओपी जोशी, रामेश्वर गुप्ता, नेमीचंद जैन, गौतम कोठारी, अरविन्द जायसवाल, भोलेश्वर दुबे ने सभी अतिथियों का स्वागत किया. स्मृति चिन्ह प्रेस क्लब के मुकेश तिवारी, संस्था के पंकज कासलीवाल, कैलाश मित्तल, दिलीप वाघेला ने भेंट किए. अतिथियों ने संस्था के संयोजक ओमप्रकाश नरेडा के साथ दीप प्रज्वलन कर इस परिचर्चा का शुभारंभ किया। संचालन किया मेघा बर्वे ने.

**नागरिकों को जलसंवर्धन योजनाओं में सहयोग करना चाहिए**

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि शहर की आबादी, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन को देखते हुए इंदौर जिले में 75 तालाबों के लक्ष्य के मुकाबले 101 तालाब बनवाए गए हैं और उनकी नियमित मानिटरिंग भी हो रही है. नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने कहा कि हमारी आबादी और जीवनशैली में बदलाव के कारण पेयजल की खपत बढती जा रही है. तेजी से दोहन करने के कारण भूजल का स्तर भी घट रहा है. नागरिकों और संस्थाओं को आगे आकर जल गंगा संवर्धन जैसी योजनाओं में सहयोग करना चाहिए.



**भूजल की शुद्धता पर ध्यान देने की जरूरत**

मुख्य वक्ता डॉ. सुधीन्द्र मोहन शर्मा ने प्रोजेक्टर की मदद से शहर की जल आपूर्ति और भूवैज्ञानिक संरचना को प्रदर्शित करते हुए कहा कि कम गहराई वाले भूजल भंडार वर्षा के जल से तेजी से रिचार्ज हो सकते हैं लेकिन उतनी ही तेजी से प्रदूषित भी हो जाते हैं. जल प्रदूषण की स्थिति इसलिए बन रही है कि सीवर ड्रेनों, अस्वच्छ नालियों, प्रदूषित नदियों, उद्योगों से निकलने वाले अनुपचारित और अपशिष्ट जल तथा वायुमंडल में मौजूद गैसों और छतों तथा नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से भी भूजल प्रदूषण की सम्भावना बढ़ जाती है. इसके लिए भूजल की शुद्धता और मानिटरिंग पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है.

**पानी की बर्बादी रोकें**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. अजीत सिंह नारंग ने कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि 70 किलोमीटर दूर से करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद हमें अपने घर बैठे नर्मदा का पानी मिल रहा है लेकिन यह हम सबका दायित्व है कि हम पानी की बर्बादी को रोकें. इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के पूर्व अभियंता वीके जैन, विनोद नीमा, पंकज कासलीवाल, अतुल शेठ, पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष गौतम कोठारी, समाजसेवी ईश्वर बाहेती, रमेश गुप्ता, मुरलीधर धामानी सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे।



## एमजीएम मेडिकल कॉलेज में मस्कुलोस्केलेटल इमेजिंग पर सीएमई कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर.** महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, इंदौर के रेडियोडायग्नोसिस विभाग द्वारा मस्कुलोस्केलेटल इमेजिंग विषय पर एक शैक्षणिक कार्यक्रम कंटीन्यूअस मेडिकल एजुकेशन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ.

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने हड्डियों, जोड़ों, मांसपेशियों, तंत्रिका स्नायुओं तथा लिगामेंट से संबंधित रोगों के सटीक एवं शीघ्र निदान में अल्ट्रासोनोग्राफी और एमआरआई जैसी आधुनिक इमेजिंग तकनीकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से चर्चा की. विशेषज्ञों ने बताया कि आधुनिक इमेजिंग तकनीकों की मदद से खेल के दौरान होने वाली चोटों- जैसे लिगामेंट, मसल्स, टेंडन और नर्व की क्षति- का भी त्वरित और सटीक निदान संभव हो गया है. इससे मरीजों को समय पर प्रभावी उपचार मिल पाता है. साथ ही लंबे समय से चली आ रही हड्डी एवं जोड़ों से संबंधित बीमारियों के निदान और उपचार में भी यह तकनीक अत्यंत सहायक सिद्ध हो रही है.


कार्यक्रम की अध्यक्षता रेडियोडायग्नोसिस विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अल्का अग्रवाल ने की, जबकि आयोजन में डॉ. अमन गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर डॉ. डी.के. सिंह, डॉ. शिवराम, डॉ. एच.के. करमलकर, डॉ. नेहा निश्चल, डॉ. स्वप्निल सेठ और डॉ. सुविनय सक्सेना ने विषय विशेषज्ञ के रूप में अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए. कार्यक्रम के दौरान जोड़ों की सोनोग्राफी का प्रत्यक्ष प्रदर्शन भी किया गया, जो प्रशिक्षणार्थियों के लिए अत्यंत प्रभावी और जीवंत अनुभव रहा.

# सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में दुर्लभ सर्जरी

**▶ 17 सेमी का बड़ा इसोफेगल ट्यूमर निकाला**

**इंदौर.** सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने एक अत्यंत दुर्लभ और जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए 40 वर्षीय महिला के सीने से 17 सेंटीमीटर का बड़ा ट्यूमर निकालकर उसकी जान बचाई. यह ट्यूमर भोजन नली इसोफेगस से उत्पन्न हुआ था और अपने बड़े आकार के कारण श्वासनली, हृदय, महाधमनी एओर्टा और इन्फीरियर वेना कावा जैसी महत्वपूर्ण संरचनाओं के बेहद करीब पहुंच गया था.

मरीज पिछले लगभग पांच वर्षों से लगातार खांसी और बार-बार होने वाले श्वसन संक्रमण से पीड़ित थी. इस दौरान उसने कई अस्पतालों में इलाज कराया, लेकिन बीमारी का सही कारण सामने नहीं आ पाया. लगातार खांसी के कारण लगभग एक वर्ष पहले उसे क्षयरोग की दवाएं भी दी गईं, लेकिन उपचार के बाद भी समस्या बनी रही. समय के साथ मरीज को भोजन निगलने में कठिनाई डिस्फेजिया होने लगी और उसका वजन भी करीब 25 किलोग्राम तक कम हो गया. स्थिति गंभीर होने पर मरीज सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल इंदौर पहुंची. यहां विस्तृत जांच के दौरान पता चला कि उसकी भोजन नली से लगभग 17 सेंटीमीटर का बड़ा ट्यूमर विकसित हो गया है. यह ट्यूमर घोड़े की नाल आकार का लियोमायोमा था, जो आसपास के महत्वपूर्ण अंगों से सटा होने के कारण सर्जरी के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण था.



**विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने की जटिल सर्जरी**

मरीज का मूल्यांकन कार्डियो-थोरेसिक विभाग और सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा किया गया. इसके बाद डॉक्टरों ने जटिल सर्जरी करते हुए इसोफेगेक्टॉमी कर ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाल दिया. इस जटिल ऑपरेशन को सफल बनाने में डॉ. सुमित प्रताप सिंह, डॉ. अंकुर गोयल, डॉ. दीपक सुल्या, डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह गेहलोत, डॉ. अरुण झाड़े और डॉ. ऋषभ पटेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

**दुनिया में दूसरा रिपोर्टेड केस**-विशेषज्ञों के अनुसार इस आकार के हॉर्स-शू शेप लियोमायोमा के बहुत ही कम मामले दुनिया में दर्ज हैं. लगभग 17 सेंटीमीटर आकार के ऐसे ट्यूमर का यह दुनिया में दूसरा रिपोर्टेड केस माना जा रहा है।

**एक नजर में** ▶ **शीरोज सेवा सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने किया शीरोज शक्ति सम्मान 2026 का आयोजन**

# महिला सशक्तिकरण समाज को जागरूक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**इंदौर. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शीरोज सेवा सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा होलकर कॉलेज, के सहयोग से शीरोज़ शक्ति सम्मान 2026 का आयोजन किया गया. इस अवसर पर महिला सुरक्षा और आत्मरक्षा के संदेश को समाज तक पहुँचाने के उद्देश्य से वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन के लिए एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्थापित किया गया.**



कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में छात्राओं, महिलाओं तथा एनएसएस, एनसीसी और स्पोर्ट्स की छात्राओं ने भारत के मानचित्र के रूप में खड़े होकर सामूहिक रूप से शीरोज़ शक्ति संकल्प 2026 की शपथ ली. इस संकल्प के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, आत्मरक्षा, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और विश्व शांति का संदेश दिया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद शंकर लालवानी ने प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई. इस अवसर पर होलकर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अनामिका जैन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण समाज को सुरक्षित और जागरूक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और छात्राएं इस अभियान के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करेंगी. संस्कृति मंत्रालय सदस्य डॉ. भरत शर्मा ने शुभकामनाएं रही. वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन की ओर से डॉ. सुचिता शुक्ला एवं उनकी टीम द्वारा इस प्रयास को मान्यता प्रदान करते हुए आयोजकों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में देवी अहिल्या विश्व विद्यालय के डीसीडीसी डॉ. सचिन शर्मा एवं डॉ. योगेंद्र महंत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे,. डॉ. संजय व्यास विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए.

**सौ महिलाओं को किया सम्मानित**

शीरोज़ सेवा सोशल वेलफेयर सोसाइटी की संस्थापक डॉ. जानवी चांदवानी ने कहा कि हमें यह प्रयास करना है कि देश की हर लड़की और हर महिला सुरक्षित महसूस करे. यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक जनआंदोलन है, जिसके माध्यम से बड़ी संख्या में लड़कियों और महिलाओं को जागरूक बनाकर समाज में सुरक्षा और सम्मान का वातावरण स्थापित किया जाएगा. इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही 100 महिलाओं को शीरोज़ शक्ति सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया तथा महिलाओं के लिए विशेष हेल्थ चेकअप कैंप भी आयोजित किया गया. कार्यक्रम में कथक कलाकार दमयंती की आकर्षक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया. कार्यक्रम का संचालन दिव्या द्वारा किया गया.